# यूपी बोर्ड (साहित्यिक हिन्दी)
# मॉडल पेपर -2023

## (कक्षा -12)

**केवल प्रश्नपत्र**

**समय: तीन घण्टे 15 मिनट ]** **[ पूर्णांक : 100**

---

निर्देश: (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) इस प्रश्न में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है।

<u>खण्ड-क</u>

1. (क) 'पंचांग दर्शन' के रचनाकार

(i) मथुरा नाथ शुक्ल (ii) राम प्रसाद निरंजनी

(iii) लल्लू लाल (iv) जटमल ।

(ख) 'ये और वे ' किस विधा की रचना है ?

(i) जीवनी (ii) कहानी

(iii) संस्मरण (iv) उपन्यास ।

(ग) 'रानी नागफनी की कहानी' के लेखक हैं

(i) यशपाल (ii) महादेवी वर्मा

(iii) जैनेन्द्र कुमार (iv) हरिशंकर परसाई।.

(घ) 'सत्यार्थ प्रकाश' रचना है

(i) सदल मिश्र की (ii) राजा लक्ष्मण सिंह की

(iii) स्वामी दयानन्द की (iv) वासुदेवशरण अग्रवाल की ।

(ङ) 'ब्राह्मण' पत्रिका के सम्पादक हैं-

(i) बालकृष्ण भट्ट (ii) महावीरप्रसाद द्विवेदी

(iii) प्रताप नारायण मिश्र (iv) श्यामसुन्दर दास ।

2. (क) 'बैदेही वनवास' के रचयिता

(i) मैथिलीशरण गुप्त (ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(iii) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' (iv) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' ।

(ख) जयशंकर प्रसाद की रचना नहीं है

(i) आँसू (ii) लहर

(iii) झरना (iv) यामा

(ग) 'गुंजन' के रचनाकार हैं

(i) अज्ञेय (ii) सुमित्रानन्दन पन्त

(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर' (iv) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' ।

(घ) 'दीपशिखा' किसकी रचना है ?

(i) राम कुमार वर्मा (ii) महादेवी वर्मा

(iii) नरेन्द्र शर्मा (iv) मुक्तिबोध |

(ङ) 'छायावाद' की प्रमुख प्रवृत्ति है

(i) वीरता और श्रृंगार का सम्मिश्रण

(ii) वर्तमान राजनीति का वर्णन

(iii) स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह

(iv) युद्ध का सजीव वर्णन।

3. गद्यांशों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

जीवन के विटप का पुष्प संस्कृति है। संस्कृति के सौन्दर्य और सौरभ में राष्ट्रीय जन के जीवन का सौन्दर्य और यश अन्तर्निहित है। ज्ञान और कर्म दोनों के पारस्परिक प्रकाश की संज्ञा संस्कृति है। भूमि पर बसने वाले जन ने ज्ञान के क्षेत्र में जो सोचा है और कर्म के क्षेत्र में रचा है, दोनों के रूप में हमें राष्ट्रीय संस्कृति के दर्शन मिलते हैं।

(i) संस्कृति का तात्पर्य क्या है ?

(ii) लेखक ने क्यों कहा है कि संस्कृति के सौन्दर्य में जीवन का सौन्दर्य छिपा हुआ है ?

(iii) राष्ट्रीय संस्कृति किसे कहते हैं ?

(iv) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(v) पाठ का शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिए। अथवा

जन्म लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति के भरण-पोषण की, उसके शिक्षण की, जिससे वह समाज के एक जिम्मेदार घटक के नाते अपना योगदान करते हुए अपने विकास में समर्थ हो सके, उसके लिए स्वस्थ क्षमता की अवस्था में जीविकोपार्जन की, और किसी भी कारण वह संभव न हो तो भरण-पोषण की तथा उचित अवकाश की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी समाज की है।प्रत्येक सभ्य समाज इसका किसी न किसी रूप में निर्वाह करता है। प्रगति के यही मुख्य मानदण्ड हैं।'

(i) समाज का मुख्य उत्तरदायित्व क्या है ?

(ii) प्रगति का मानदण्ड क्या है ?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iv) जीविकोपार्जन और भरण पोषण में क्या अन्तर है

(v) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

4. पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

भई थकित छवि चकित हेरि हर-रूप मनोहर।
है आनहि के प्रान रहे तन धरे धरोहर ।।
भयो कोप कौ लोप चोप और उमगाई ।
चित चिकनाई चढ़ी कढ़ी सब रोष रुखाई ||

प्रश्न- (i) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक एवं कवि का नाम लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) गंगा के प्राण एवं क्रोध के सम्बन्ध में क्या बताया गया है ?

(iv) गंगा के मन में क्या इच्छा उत्पन्न हुई ?

(v) प्रस्तुत पंक्तियों में किसके प्रति गंगा के अनुराग का अनुपम चित्रण हुआ है ?

अथवा

कोई प्यारा कुसुम कुम्हला गेह में जो पड़ा हो।
तो प्यारे के चरण पर ला डाल देना उसी को ।।
यों देना ऐ पवन बतला फूल सी एक बाला।
म्लाना हो हो कमल-पग को चूमना चाहती है ।।

प्रश्न- (i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) मुरझाए हुए पुष्प की उपमा किससे की गयी है ?

(iv) श्रीकृष्ण के कमलवत् चरणों को कौन चूमना चाहता है ?

(v) राधा पवन - दूतिका से मुरझाए हुए पुष्प को कहाँ डाल देने के लिए कह रही है ?

5. (क) निम्नलिखित में किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी रचनाओं का उल्लेख कीजिए - (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

(i) ए० पी० जे० अब्दुल कलाम

(ii) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(iii) वासुदेवशरण अग्रवाल ।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी मुख्य रचनाओं का उल्लेख बीजिए – (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(iii) सुमित्रानन्दन पन्त ।

6.'कथानक' के आधार पर 'पंचलाइट' अथवा 'बहादुर' कहानी के तत्वों पर प्रकाश डालिए। (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

अथवा 'खून का रिश्ता' अथवा 'कर्मनाशा की हार' कहानी के प्रमुख पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए | (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के प्रश्न का उत्तर लिखिए- (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

(i) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर इसके प्रमुख पात्र के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

'रश्मिरथी' खण्डकाव्य की प्रमुख घटना क्या है ? संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य का नायक कौन है ? उसके चरित्र की विशिष्टताओं पर संक्षेप में लिखिए।

अथवा

'मुक्तियज्ञ' की प्रमुख घटना का सोदाहरण वर्णन कीजिए

(iii) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर 'द्रौपदी' का चरित्र चित्रण कीजिए ।

अथवा

'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए ।

(iv) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र चित्रण कीजिए ।

अथवा

'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य में सत्य और अहिंसा का सुन्दर समन्वय किया गया है।" संक्षेप में लिखिए ।

(v) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर इसके नायक के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

(vi) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य की विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर 'श्रवण कुमार' का चरित्र चित्रण कीजिए ।

## खण्ड - ख

8.(क) निम्नलिखित में से किसी एक संस्कृत गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए और उसका संदर्भ भी लिखिए-

धन्योऽयं भारतदेशः यत्र समुल्लसति जनमानसपावनी, भव्यभावोद्भाविनी, शब्द सन्दोहप्रसविनी सुरभारती । विद्यमानेषु निखिलेष्वपि वाङ्मयेषु अस्याः वाङ्मयं सर्वश्रेष्ठं सुसम्पन्नं च वर्तते । इयमेव भाषा संस्कृतनाम्नापि लोके प्रथिता अस्ति । अस्माकं रामायणमहाभारताद्यैतिहासिक ग्रन्थाः, चत्वारो वेदाः सर्वा उपनिषदः, अष्टादश पुराणानि, अन्यानि च महाकाव्यनाट्यादीनि अस्यामेव भाषायां लिखितानि सन्ति ।

अथवा

अतीते प्रथम कल्पे चतुष्पदाः सिंहम् राजानमर्कुवन्। मत्स्याः आनन्दमत्स्यं, शकुनयः सुवर्ण हंसम् । तस्य पुनः सुवर्णराज हंसस्य दुहिता हंसपोतिका अतीव रूपवती आसीत्। स तस्यै वरमदात् यत् आत्मनश्चित रुचितं स्वामिनं वृणुयात् इति। हंसराजः तस्यै वरं दत्त्वा हिमवति शकुनि संघे, संन्यपतत्।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक संस्कृत पद्यांश का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

न मे रोचते भद्रं वः उत्तुकस्यामिरवनम
अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कस्य क्रुद्धं भ.

अथवा

सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम
सुखार्थी  व त्यजेद विद्यां विद्यार्थी व त्यजेत् सुखम्||

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए

(i) प्राचीन भाषा का अस्ति?

(ii) धीमतां कालः कथं गच्छति ?

(iii) मैत्रेयी याज्ञवल्क्यं किम् अपृच्छत् ?

(iv) आत्मज्ञ: क:?

10. (क) 'करुण रस' अथवा 'रौद्र रस' का स्थायी भाव के साथ उदाहरण दीजिए।

(ख) 'अनुप्रास' अथवा 'यमक' अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए।

(ग) 'रोला' अथवा 'चौपई' का लक्षण लिखते हुए उसका एक उदाहरण भी दीजिए।

11. निम्नलिखित में से किसी *एक* विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए

(i) मेरा प्रिय कवि

(ii) 'हम दो, हमारे दो'

(iii) वृक्ष हमारे साथी

(iv) समाचार पत्र की उपयोगिता

(v) जीवन में अनुशासन का महत्त्व।

12. (क) (i) 'नयनम्' का सन्धि-विच्छेद है

(अ) न + अयनम्    (ब) नय + अनम्

(स) ने + अनम्    (द) नयन + म्।

(ii) 'वृद्धः' का सन्धि-विच्छेद है

(अ) वृ + द्धः    (ब) वृ + द्धयः

(स) वृध् + अधः    (द) वृध् + धः।

(iii) 'रामश्चलति' का सन्धि-विच्छेद है।

(अ) रामः + चलति (ब) रामस् + चलति

(स) राम + श्चलति (द) रामः + श्चलति ।

(ख) (i) 'आजन्म' में समास हैं

(अ) तत्पुरुष समास, (ब) बहुव्रीहि समास

(स) अव्ययीभाव समास (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'चन्द्रशेखरः' में समास है

(अ) बहुव्रीहि समास, (ब) द्विगु समास

(स) कर्मधारय समास (द) तत्पुरुष समास ।

13.(क) 'तिष्ठाव' अथवा 'अददाम्' किस धातु, किस लकार, किस पुरुष तथा किस वचन का रूप है ?

(ख) (i) 'राज्ञोः ' रूप है राजन् शब्द का

(अ) पंचमी विभक्ति, बहुवचन

(ब) षष्ठी विभक्ति, द्विवचन ,

(स) तृतीया विभक्ति एकवचन

(द) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन ।

(ii) 'आभिः' रूप है, 'इदम्' शब्द (स्त्रीलिंग) का

(अ) द्वितीया विभक्ति, द्विवचन

(स) तृतीया विभक्ति, बहुवचन "

(ब) सप्तमी विभक्ति एकवचन

(द) चतुर्थी विभक्ति, बहुवचन।

(ग)(i) 'पठितव्यः' शब्द में प्रत्यय है

(अ) अनीयर्  (ब) तल्

(स) त्वा  (द) तव्यत्।

(ii) 'लघुता' शब्द में प्रत्यय है

(अ) त्व  (ब) तल्

(स) तव्यत्  (द) अनीयर्।

(घ) रेखांकित पदों में से किसी एक पद में प्रयुक्त विभक्ति तथा उससे सम्बन्धित नियम का उल्लेख कीजिए -

(i) गृहं परितः उद्यानम् अस्ति।

(ii) सः कर्णेन बधिरः अस्ति।

(iii) रामं सर्वेषां श्रेष्ठः।

14. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए

(i) हमें पढ़ना चाहिए।

(ii) तुम क्या - क्या करते हो ?

(iii) वे दोनों कहाँ गये थे ?

(iv) हमलोग कल प्रयाग जायेंगे।